भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय /
Ministry of Environment, Forest & Climate Change
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून /
Integrated Regional Office, Dehradun

सत्यमेव जयते

25 सुभाष रोड, देहरादून-248001/25 SUBHASH ROAD, DEHRADUN-248001
दूरभाष/ PHONE-0135-2650809, ईमेल/ E-mail-moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/27/2020/एफ.सी./438 दिनांक:30/06/2023

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फाॅरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**विषय: जनपद – अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत रौलाखरक तिनगैर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.925 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (online no. FP/UK/Road/19494/2016)**

सन्दर्भः अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड के पत्र सं0 2926/ FP/UK/Road/19494/2016 दिनांक 15.06.2023

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि प्रस्ताव में पूर्व में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 06-03-2020 द्वारा राज्य सरकार से कुछ सूचनायें चाही गई थी जिसका प्रतिउत्तर राज्य सरकार के संदर्भित पत्र द्वारा प्रेषित किया गया है, जोकि संतोषजनक नहीं पाया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि निम्नाँकित बिन्दु पर अभिलेख/दस्तावेज़ इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें:-

1- बिन्दु सं0 5,6 एवं 7 के सोपेक्ष में प्रेषित उत्तर संतोषजनक नहीं है। जिस क्षेत्र को जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया है वहां पर स्थापित मार्ग की कटिंग प्रतीत हो रही है जिससे लिये प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा यह अवगत कराया गया है कि मार्ग की कटिंग का कार्य मानक के अनुसार नहीं किया गया है और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा यह कार्य किया गया है, जोकि एफ0सी0ए0 1980 का उल्लंघन है। अतः इस हेतु राज्य सरकार से अनुरोध है कि संबंधित डी0एफ0ओ0 द्वारा स्थल का निरीक्षण करवाकर IFA 1927 एवं FCA 1980 के नियमों में हुये उल्लंघन पर विस्तृत रिपोर्ट इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें साथ ही इस कार्यालय के समसंख्यक ई0डी0एस0 पत्र दिनांक 06.03.2020 में उल्लेखित बिन्दु संख्या 5,6 एवं 7 का संशोधित उत्तर भी इस कार्यालय में प्रषित करने का कष्ट कर

भवदीय

30/6/23

**(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)**
सहायक महानिरीक्षक (वन)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-**

1. अपर मुख्य सचिव (वन) उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

**(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)**
सहायक महानिरीक्षक (वन)

LiFE
Lifestyle for Environment